PRINCE ACADEMY
OF HIGHER EDUCATION
[Co-edu. Sr. Sec. School, Affiliated to CBSE, Affiliation No. - 1730387]
Palwas Road, Near Jaipur - Bikaner Bypass Crossing, SIKAR - 332001 (Raj.) INDIA
Mob. : 9610-75-2222, 9610-76-2222
www.princeeduhub.com | E-mail : princeacademy31@gmail.com

# SAMPLE PAPER - I : 2025-26

## CLASS - X

Time : 03 Hours | HINDI COURSE A (002) | M. M. : 80

सामान्य निर्देश :–

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं – अ, ब, स, द
3. खंड 'अ' में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड 'ब' में कुल प्रश्न 4 हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'स' में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।
6. खंड 'द' में कुल 4 प्रश्न है, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खण्ड – अ (अपठित बोध)

### वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न

**01. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।** **7**

नई शिक्षा नीति–2020 भारत सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के उद्देश्य से लाई गई है। इस नीति का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को आधुनिक और सशक्त बनाना है, जिससे छात्रों को अधिक विकल्प, लचीलापन और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। यह नीति स्कूल शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में व्यापक बदलाव लाती है। नई शिक्षा नीति के तहत 5+3+3+4 का नया शैक्षणिक ढाँचा लागू किया गया है, जिसमें पाँच साल का फाउंडेशनल स्टेज, तीन साल का प्रियरेटरी स्टेज, तीन साल का मिडल स्टेज और चार साल का सेकेंडरी स्टेज शामिल है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना है। नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा में भी बड़े बदलाव किए गए हैं। अब छात्रों को मल्टी–डिसिप्लिनरी शिक्षा का विकल्प मिलेगा, जिससे वे अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न विषयों को चुन सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल लर्निंग को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में भी छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त हो सके। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा प्रणाली को पुनर्गठित करना है। यह नीति कौशल विकास, रोजगारोन्मुख शिक्षा और प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देती है। इसके तहत मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर दिया गया है, ताकि छात्रों की बुनियादी समझ मजबूत हो सकें। कुल मिलाकर, यह नीति शिक्षा के माध्यम से भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए– 1

कथन (A) : नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना।
कथन (R) : नई शिक्षा नीति में 5+3+3+4 का नया शैक्षणिक ढाँचा लागू किया है।
(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(द) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ii) नई–शिक्षा नीति के लाभ क्या हैं? 1
(1) कौशल विकास पर जोर
(2) मल्टी–डिसिप्लिनरी शिक्षा का प्रावधान
(3) छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान
(4) केवल पारंपरिक विषयों पर ध्यान देना
विकल्प–
(अ) कथन (1) और (2) सही हैं।
(ब) कथन (1), (2) और (3) सही हैं।
(स) केवल कथन (4) सही है।
(द) कथन (1) (2) (3) और (4) सही हैं।

(iii) नीचे दिए हुए कॉलम (1) और कॉलम (2) से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए– 1

| | **कॉलम-1** | | **कॉलम-1** |
|---|---|---|---|
| I | नई शिक्षा नीति का उद्देश्य | 1 | शिक्षा को अधिक व्यावहारिक बनाना |
| II | मातृभाषा में शिक्षा का महत्त्व | 2 | छात्रों की बुनियादी समझ को मजबूत करना |
| III | मल्टी–डिसिप्लिनरी शिक्षा का लाभ | 3 | छात्रों को विभिन्न विषयों के चयन की स्वतंत्रता |

(अ) I-1, II-2, III-3 (ब) I-2, II-1, III-3
(स) I-3, II-1, III-2 (द) I-1, II-3, III-2

(iv) नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल और उच्च शिक्षा में कौन–कौन से प्रमुख बदलाव किए गए हैं? 2
(v) नई शिक्षा नीति का उद्देश्य 21 वीं सदी की शिक्षा प्रणाली के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है? 2

**02. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:7**

नदिया की धारा है जीवन,
चलती रहती बिन रुकावट,
हर मोड़ पर लाती चुनौती,
फिर भी न होती वह थकावट।
फिर भी न छोड़ती अपनी राह,
हर बंधन से पार कर जाती है।
जीवन भी यूँ ही चलता रहे,
हर कठिनाई से जूझता रहे।
जो डटे रहते हैं संघर्ष में,
वही सफलता का सूरज देखते हैं।
जीवन का मूल मंत्र यही है,

कभी हार न मानो, न पीछे हटो।
तूफानों से न डर,
हर जीत के पीछे एक संघर्ष है।
चलते रहो, रुकना मना है,
जीवन की धारा यूँ ही बहती है। **— हरिवंश राय बच्चन**

(i) इस काव्यांश में जीवन की तुलना किससे की गई है? 1

(अ) समुद्र (ब) नदिया (स) सूरज (द) तूफान

(ii) इस काव्यांश में जीवन के किन महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया गया है? उचित विकल्प का चयन कीजिए— 1

(1) जीवन बिना रुकावट के बहता रहता है।

(2) जीवन का हर मोड़ नई चुनौती लाता है।

(3) जीवन में थकावट हार का प्रतीक है।

(4) संघर्ष जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

विकल्प—

(अ) कथन 1 और 3 सही हैं। (ब) कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

(स) कथन 2 और 4 सही हैं। (द) कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए— 1

**कथन (A)** : जीवन की राह सरल और शांत होती है।

**कारण (R)** : क्योंकि जीवन में कोई चुनौती नहीं होती, वह हमेशा स्थिर रहता है।

(अ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ब) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) इस काव्यांश में कवि के जीवन की धारा को किस प्रकार से प्रस्तुत किया है? 2

(v) इस काव्यांश में कवि ने जीवन में संघर्ष को किस प्रकार से चित्रित किया है? 2

## खण्ड — ब (व्यावहारिक व्याकरण)

### खंड 'ब'

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

(i) .......... लोग ईमानदार होते हैं, उनका सर्वत्र आदर होता है रिक्त स्थान की पूर्ति इस प्रकार कीजिए कि यह वाक्य मिश्र वाक्य बन जाए।

(ii) जैसे ही वर्षा हुई वैसे ही मैं घर चला गया। रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए।

(iii) यदि तुमने समय का सदुपयोग किया होता, तो आज तुम्हें इस प्रकार कठिनाइयों का सामना न करना पड़ता। वाक्य का सरल वाक्य में रूपान्तरण कीजिए।

(iv) छात्र पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहे थे और शिक्षक नाराज हो गए। रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।

(v) चूंकि दोषी कोई और है इसलिए आप यह दोष अपने ऊपर बिलकुल मत रखना। रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

(i) पुलिस ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।

(ii) भारतीय टीम खूब अच्छा खेली। भाववाच्य में बदलिए।

(iii) कहानीकार के द्वारा कहानी सुनाई जा रही है। वाक्य का कर्तृवाच्य में रूप क्या होगा?

(iv) डॉक्टर ने मरीज को समय पर दवा दी और उसके स्वास्थ्य की जाँच भी की। वाच्य भेद बताइए।

(v) (क) चूँकि विपक्षी बल्लेबाजों से क्रीज़ पर रुका नहीं जा सकता।

(ख) भारत द्वारा मैच जीत लिया गया।

उपर्युक्त दोनों वाक्यों के वाच्य लिखिए।

**5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए।** $1 \times 4 = 4$

(i) जैसे ही वह घर पहुँचा, मूसलाधार वर्षा शुरू हो गई।

(ii) जो अपना सामान नहीं संभालता, वह पछताता है।

(iii) उन्होंने खुशी–खुशी अपना उत्तर दे दिया।

(iv) वह प्रातः तेज़ चाल से चलता हुआ विद्यालय जाता है।

(v) तुम्हारी कठोरता ने मुझे विचलित कर दिया।

**06. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए–**

(i) प्रीति–नदी में पाउँ न बोर्‌यों।

(ii) कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा।

(iii) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार

(iv) सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का।

(v) सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।

## खंड 'स'

## (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनिए।** $1 \times 5 = 5$

बार–बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर–गृहस्थी जवानी जिंदगी सब कुछ होम कर देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढती है। दुखी हो गए। पंद्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुज़रे। कस्बे में घुसने से पहले ही ख्याल आया कि कस्बे की हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठापित होगी, लेकिन सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा, क्योंकि मास्टर बनाना भूल गया और कैप्टन मर गया। सोचा, आज वहाँ रुकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएँगे। मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएँगे। ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रुकना नहीं, आज बहुत काम हैं, पान आगे कहीं खा लेंगे।

**(i)** लेखक बार–बार किस बात को सोचकर दुखी होता हैं?

(1) नेताजी की मूर्ति टूटी है।
(2) देशप्रेम की भावना कम होती जा रही है।
(3) लोग पान नहीं खा रहे है।
(4) नेताजी का चश्मा नहीं है।

**विकल्प :**

(अ) कथन 1 और 3 सही है।
(ब) केवल कथन 2 सही है।
(स) केवल कथन 4 सही है।
(द) कथन 2 और 4 सही है।

(ii) 'पान भी नहीं खाएँगे' कथन लेखक की किस मानसिकता को दर्शाता है?

(1) क्रोध और विरोध की | (2) लालच की
(3) लापरवाही की | (4) आनंद को

**विकल्प :**

(अ) कथन 1 और 3 सही हैं। | (ब) केवल कथन 2 सही है।
(स) केवल कथन 1 सही है। | (द) कथन 2 और 3 सही है।

(iii) लेखक ने किस कारण से सुभाष की प्रतिमा की आँखों पर चश्मा न होने की बात कही—उचित विकल्प का चयन कीजिये।

(1) क्योंकि प्रतिमा अधूरी थी।

(2) क्योंकि मूर्तिकार चश्मा लगाना भूल गया और देखरेख करने वाला नहीं रहा।

(3) क्योंकि वहाँ पर चश्मे की आवश्यकता नहीं थी।

(4) क्योंकि प्रतिमा पुरानी हो चुकी थी।

**विकल्प :**

(अ) केवल कथन 1 सही है। | (ब) कथन 2 व 3 सही है।
(स) कथन 1 व 3 सही है। | (द) केवल कथन 2 सही है।

(iv) हालदार साहब ने ड्राइवर को क्या आदेश दिया?

(अ) जीप चलाने का | (ब) जीप से उतरने का
(स) चौराहे पर नहीं रुकने का | (द) पान खाने का

(v) गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(अ) मानवीय करुणा की दिव्य चमक | (ब) बालगोबिन भगत
(स) लखनवी अंदाज | (द) नेताजी का चश्मा

**8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए:** $2 \times 3 = 6$

(i) भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर से बाहर और लेखिका का घर तक ही सीमित क्यों था ? 'एक कहानी यह भी' के आधार पर बताइए।

(ii) पाठ 'बालगोबिन भगत' के आधार पर भगत के गायन की विशेषताएँ लिखिए।

(iii) मंगलध्वनि किसे कहते हैं? बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है?

(iv) नवाब साहब की सनक नकारात्मक थी, किंतु हर सनक नकारात्मक नहीं होती। सोदाहरण सिद्ध कीजिए कि किस सनक को सकारात्मक कहा जा सकता है?

**9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** $1 \times 5 = 5$

बादल, गरजो।
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन।
तप्त धरा, जल से फिर शीतल कर दो।
बादल, गरजो!

**(i)** काव्यांश में बादलों को क्या करने को कहा जा रहा है? उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(1) विकल होने को (2) क्रोधित होने को (3) गरजने को (4) प्रसन्न होने को

विकल्प :

(अ) कथन 1 सही है। (ब) कथन 3 सही है।

(स) कथन 2 व 3 सही है। (द) कथन 1 व 4 सही है।

**(ii)** गर्मी से लोग ........हो उठे थे।

(अ) अनमने (ब) उत्साहित (स) प्रसन्न (द) शीतल

**(iii) कथन (A)** : गर्मी के कारण धरतीवासी परेशान थे।

**कारण (R)** : बादल बरसकर लोगों के दुःख हर लेता है।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण सही है।

(ब) कथन (A) और कारण दोनों ही गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv)** कवि बादलों से स्वर में गरजने के लिए कह रहा है।

(अ) मधुर (ब) शीतल (स) शक्तिशाली (द) विनम्र

**(v)** काव्यांश में 'तप्त धरा' का प्रयोग निम्न में से किसके लिए किया गया है?

(अ) जल से भरी हुई धरती (ब) पर्वतीय क्षेत्र

(स) गर्मी से जलती हुई धरती (द) बर्फ से ढकी धरती

**10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :** $2 \times 3 = 6$

**(i)** चिर प्रवासी में इतर, में अन्य!
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
ये पंक्तियों किस कविता से ली गई हैं? इनके माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

**(ii)** 'आत्मकथ्य' या अपनी बात कहने से प्रायः विद्वान लोग किस कारण बचना चाहते हैं? क्या प्रसाद कवि भी इसी कारण टाल देते हैं?

**(iii)** परशुराम के क्रोध का मूल कारण लिखिए।

**(iv)** मुख्य गायक की सफलता का श्रेय संगतकार को न दिया जाना समाज की किस प्रवृत्ति का परिचायक है? इस प्रवृत्ति से क्या हानियाँ है?

**11. पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए :** $2 \times 4 = 8$

**(i)** ग्रामीण बच्चों का बचपन शहरी बच्चों से अधिक प्रफुल्लित और आनन्द देने वाला होता है। क्यों? पाठ 'माता का अंचल' के आधार पर लिखिए।

**(ii)** रचनाकार की भीतरी विवशता हो उसे लेखन के लिए मजबूर करती है और लिखकर ही रचनाकार उससे मुक्त हो पाता है। 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर हिरोशिमा घटना से जोड़ते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**(iii)** 'कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती हैं।' 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ के इस कथन में निहित जीवन मूल्यों को स्पष्ट कीजिए और बताइए कि देश के विकास में आम नागरिक की क्या भूमिका है?

## खण्ड – द (रचनात्मक लेखन)

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए: $6 \times 1 = 6$

**(1) ई–मेल : नया डाकिया**

**संकेत बिंदु–**

- नया डाकिया
- कम्प्युटर क्रांति का कमाल
- बहुपयोगी

(2) **नारी सशक्तीकरण**

**संकेत बिंदु–**

- नारी सशक्तीकरण का अर्थ
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों?
- भारत में स्थिति एवं सुझाव

**(3) नैतिक शिक्षा आज की आवश्यकता**

**संकेत बिंदु**

- नैतिक शिक्षा का अर्थ
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों?
- भारत में स्थिति एवं सुझाव

**13.** (क) विद्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए। $5 \times 1 = 5$

**अथवा**

(ख) अपने बड़े भाई को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए, जिसमें उनके द्वारा दी गई सीख पर आचरण करने का आश्वासन दिया गया हो।

PRINCE ACADEMY

**14.** आप मानव/मानवी हैं। आप बी.ए. और डेस्क टॉप पब्लिशिंग प्रोगाम्स में डिप्लोमा कोर्स कर चुके हैं। अ.ब.स. (प्रा.लि.), दिल्ली को डी.टी.पी. आपरेटर पद के लिए स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 100 शब्दों में लिखिए। $5 \times 1 = 5$

**अथवा**

आप नीलाक्षी/नीलकांत हैं। आपके पिताजी का पैन कार्ड कहीं खो गया है। इस संबंध में आयकर अधिकारी को अपनी पिताजी की ओर से लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

**15.** प्रदूषण से बचने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन पर्यावरण विभाग की ओर से लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। $4 \times 1 = 4$

**अथवा**

आपकी बड़ी बहन की पदोन्नति कैप्टन से मेजर के रूप में हुई है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।

* * * * *

PRINCE ACADEMY